# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
## <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएससी से चयनित एक हजार 36 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र। कहा– डबल इंजन सरकार में 60 फीसदी से ज्यादा एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिली नौकरी।
- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में हुई शामिल, वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को किया सम्मानित।
- कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के विरोध में प्रदेश भर में प्रशिक्षु डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी : कई स्थानों पर प्रभावित हुई स्वास्थ्य सेवाएं, मरीज और तीमारदार हुए परेशान।
- हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए प्रदेश भर में हो रहे जागरूकता कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने कहा एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है तिरंगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग–यूपीपीएससी से चयनित एक हजार 36 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपीपीएससी के द्वारा हमारी सरकार में उत्तर प्रदेश लोकसेवा चयन आयोग के माध्यम से छियालिस हजार छह सौ पचहत्तर भर्तियां हुई। इसमे ओबीसी के चयनित अभ्यर्थियों का प्रतिशत अडतीस दशमलव चार एक है। इस तरह ओबीसी, एससी और एसटी के प्रतिशत को जोड़ लिया जाए तो डबल इंजन सरकार में साठ प्रतिशत से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन उत्तर प्रदेश लोकसेवा चयन के माध्यम से हुआ है।

***अगर आपकी आकांक्षा के अनुरूप आपको नियुक्ति की प्रक्रिया के साथ जोड़ करके सरकारी नौकरी मिली है तो आप भी वहां पर जो सबसे अच्छा हो सकता है उसको परफॉर्म करने के लिए अपने आप को तैयार है। उत्तर प्रदेश विकास करेगा। विकास के नए–नए सोपान को छुएगा। इस विकास का सीधा लाभ देश को प्राप्त होगा और अगर प्रधानमंत्री मोदी जी की मंशा के अनुरूप दो हजार सैंतालीस तक भारत को एक विकसित भारत के रूप में स्थापित करना है तो हमें इसके लिए इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश में करनी होगी।***

**********

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कल लखनऊ में डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मेधावियों को पदक प्रदान कर हौसला बढ़ाया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये मानव संसाधन राष्ट्र निर्माण मे अपना योगदान देंगे। राज्यपाल ने कहा कि हमें बांग्लादेश के हाल से सीख लेनी चाहिए। हमें बच्चों को शस्त्र नहीं शास्त्र सिखाना है। हमें उनको संस्कार और परंपरा से रूबरू कराना है।समारोह में कुल 91 मेधावियों को पदक दिये गये, जिनमें 39 स्वर्ण, 27 रजत और 25 कान्स्य पदक शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में अलग–अलग पाठ्क्रम के 47 हजार 269 छात्रों को डिग्रियां दी गईं, जबकि 46 छात्रों को पीएचडी की डिग्री दी गई।

**********

प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में परिवहन निगम के साथ ही प्रदेश के प्रमुख शहरों में नगरीय बसों में भी महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सौगात दी है। प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि 18 अगस्त, 2024 की रात्रि 12:00 बजे से लेकर 19 अगस्त, 2024 की रात्रि 12:00 बजे तक महिलाओं को नगरीय बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह सुविधा प्रदेश के 15 प्रमुख शहरों, जिनमें लखनऊ, कानपुर, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, झाँसी, बरेली, गोरखपुर, शाहजहाँपुर, आगरा एवं मथुरा–वृन्दावन शामिल हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरटीओ कार्यालयों में पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। कल परिवहन निगम एवं परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आरटीओ कार्यालयों में जनोपयोगी सुविधाएं बढ़ाएं। लोगों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। साथ ही पासपोर्ट कार्यालय की तर्ज पर आरटीओ ऑफिस में भी सुविधाएं प्रदान करें।

**********

कन्नौज जिले में कल नाबालिग पीड़िता के मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि होने से अखिलेश यादव के करीब और दुष्कर्म के आरोपी वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव की मुश्किलें और बढ़ गयीं हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता के माता–पिता की मौजूदगी में हुई, मेडिकल जॉच रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पास्कों एक्ट व सुसंगत धाराओं में दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म की धारा भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़िता की बुआ को घटना स्थल पर पाया गया था, कल उसे बयान के लिए बुलाया गया लेकिन वह नहीं आयी। पीड़िता के मॉ–बाप की तहरीर पर पूजा तोमर के खिलाफ पास्को सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कप्तान ने पूजा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगा दी हैं। गौरतलब है कि आरोपी सपा नेता को बीते सोमवार को ही जेल भेजा जा चुका है।

**********

सुल्तानपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत 6 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरेंट जारी कर दिया है। इसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अनूप संडा का नाम भी शामिल है। कोर्ट ने पिछले सप्ताह मामले में सजा सुनाने के बाद शुक्रवार तक सरेंडर करने का समय दिया था, लेकिन कोई सरेंडर करने नहीं पहुंचा। ऐसे में अब गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। अब इस मामले में 20 अगस्त को सुनवाई होगी।

**********

कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में कल दूसरे दिन भी लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के दूसरे मेडिकल कॉलेजों में प्रशिक्षु डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी रहा। प्रशिक्षु डॉक्टर, सरकार से इस मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने के साथ ही डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे हैं। केजीएमयू में जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन के चलते ओपीडी की सेवाएं सीनियर डॉक्टरों के हवाले रहीं, जबकि इमजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में केजीएमयू का टीचर्स एसोसिएशन भी आ गया है। वहीं डा.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भी जूनियर डाक्टर हड़ताल पर हैं। इस वजह से लोहिया संस्थान में भी ओपीडी सेवाएं प्रभावित हैं, जबकि इमजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। जूनियर डाक्टरों के हड़ताल पर जाने के कारण लोहिया संस्थान प्रशासन ने अवकाश पर गये चिकित्सकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और उन्हें संस्थान पहुंचने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तरह आगरा, झांसी, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी के चिकित्सकीय संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों में डाक्टरों ने प्रदर्शन किया।

**********

प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि

***प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने हर घर तिरंगा को साढ़े चार करोड़ घरों तक पहुँचाने के वृहद संकल्प को हाथ में लिया है। उत्तर प्रदेश के अंदर तिरंगा यात्रा जिस उत्साह के साथ युवा मोर्चा के उत्साही कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन में निकाल रहे हैं। छात्रों के द्वारा व्यवसायियों के द्वारा तमाम सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों के द्वारा इस अवसर पर जो उत्साह दिखाया जा रहा है ये नए भारत का दर्शन करता है क्योंकि तिरंगा एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतीक है।***

इसी क्रम में कल कानपुर में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। वहीं जौनपुर, मेरठ, बलरामपुर, मिर्जापुर, अयोध्या, हापुड़, आगरा में तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।

**********

पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती की पुर्नपरीक्षा 23 से 31 अगस्त के बीच कराने के कारण उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अपनी तीन भर्ती परीक्षाओं को टाल दिया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 15 सितबर, होम्योपैथिक आवासीय चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 18 सितंबर और सहायक नगर नियोजन 2023 मुख्य परीक्षा 25 सितंबर को कराई जायेगी। चिकित्साधिकारी यूनानी 2023 स्क्रीनिंग परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि छह अक्टूबर को होगी।

**********

आज प्रदेश भर में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर विभाजन का दंश झेलने वाले परिवारों को याद करने के साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस त्रासदी का शिकार हुए लोगों को याद किया है।

**********